

# विराट कोहली और गिल का शानदार प्रदर्शन, भारत जीता

**93** रन बनाकर शतक से चूके विराट कोहली

**4** विकेट लेकर काइल ने न्यूजीलैंड को मुकाबले में बनाए रखा

➠ **शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में जिम्मेदारी निभाते हुए अर्धशतक जड़ा**



**वडोदरा, 11 जनवरी. वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में विराट कोहली और शुभमन गिल के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने 301 रन का लक्ष्य हासिल किया.**

वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दबाव भरे हालात में संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया, जिसमें विराट कोहली और शुभमन गिल की पारियां निर्णायक साबित हुईं। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो शुरुआत में पूरी तरह सही साबित नहीं हुआ। न्यूजीलैंड के ओपनर डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स ने भारतीय गेंदबाजों पर शुरुआती दबाव बना दिया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 117 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। कॉनवे ने 56 और निकोल्स ने 62 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भारतीय फील्डिंग भी सवालों के घेरे में रही, जब कुलदीप यादव ने निकोल्स का एक आसान कैच छोड़ दिया। हालांकि, हर्षित राणा ने मैच में भारत की वापसी कराई। उन्होंने पहले निकोल्स और फिर कॉनवे को आउट कर न्यूजीलैंड की रफ्तार पर ब्रेक लगाया। इसके बाद मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने लगातार विकेट निकालकर कीवी टीम को झटके दिए। मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और 198 के स्कोर तक न्यूजीलैंड के पांच विकेट गिर चुके थे।

डेरिल मिचेल ने एक छोर संभालते हुए 84 रनों की अहम पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अंतिम ओवरों में क्रिस्टियन क्लार्क और काइल जैमीसन ने तेजी से रन जोड़ते हुए न्यूजीलैंड को 300 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से सिराज, प्रसिद्ध और हर्षित ने दो-दो विकेट झटके, जबकि कुलदीप को एक सफलता मिली। 301 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत ज्यादा खास नहीं रही। रोहित शर्मा 26 रन बनाकर आउट हो गए, जिससे भारत को पहला झटका लगा।

### एक नजर में



## ऋषभ पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर

**वडोदरा.** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं. ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा, पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ. उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया. इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की. पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है.

## सबालेंका ने जीता 22वां कॅरियर खिताब



**ब्रिस्बेन.** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्त्युक को हराकर अपने करियर का 22वां सिंगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता. सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्त्युक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता. कोस्त्युक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा. इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया. सबालेंका ने कोस्त्युक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई.

## पयास ने सिंड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता

**वडोदरा.** पयास जैन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ट्रिपल क्राउन जीतने की कोशिश करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिंड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता और रविवार सुबह पुरुष सिंगल्स के फाइनल में भी पहुंच गए। वडोदरा में डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज़ का पहला एडिशन, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ गुजरात ने पेश किया है.

# WPL: सोफी देवाइन की तूफानी बल्लेबाजी

## गुजरात जायंट्स विमेन ने पहली पारी में बनाए 209 रन



**विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के इस मुकाबले में पहली पारी पूरी तरह से Gujarat Giants Women के नाम रही। टीम ने आक्रामक बल्लेबाज़ी का परिचय देते हुए निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 209 रन बनाए।**

यह स्कोर न केवल इस सीजन के बड़े स्कोरों में शामिल हो गया, बल्कि मुकाबले की दिशा भी तय करता दिखा। गुजरात की बल्लेबाज़ी ने यह स्पष्ट कर दिया कि टीम बड़े मंच पर दबाव से बेपरवाह होकर खेलने के इरादे से उतरी थी। गुजरात की पारी की सबसे बड़ी खासियत रही निरंतर रन गति। शुरुआती ओवरों में संयम, मध्य ओवरों में आक्रमण और अंतिम ओवरों में तेजी—तीनों का संतुलन गुजरात की बल्लेबाज़ी में साफ दिखाई दिया। इसके चलते Delhi Capitals Women की गेंदबाज़ी इकाई पूरे समय बैकफुट पर नजर आई।

शुरुआत में गुजरात ने जोखिम लेने से परहेज़ किया। ओपनर बेथ मूनी ने स्ट्राइक रोटेट करने पर ज़ोर दिया और पारी को स्थिरता देने की कोशिश की। हालांकि वह बड़ी पारी नहीं खेल सकीं, लेकिन शुरुआती ओवरों में विकेट बचाकर बनाए गए रन आगे चलकर बेहद अहम साबित हुए। पहला विकेट 8.1 ओवर में गिरा, लेकिन तब तक टीम 94 रन जोड़ चुकी थी, जिसने बड़े स्कोर की नींव रख दी। इसके बाद गुजरात की बल्लेबाज़ी में आक्रामकता साफ तौर पर बढ़ती चली गई। कप्तान सोफी डिवाइन ने पारी को वह गति दी, जिसकी टी20 क्रिकेट में जरूरत होती है।

## यास्तिका भाटिया डब्ल्यूपीएल 2026 से बाहर



**नवी मुम्बई.** गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं। भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फ्रैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया। जीजी के कोच माइकल क्लिंगर ने सोशल मीडिया पर फ्रैंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से रिकवर कर रही होंगी।

### वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026

## गुलवीर सिंह 40वें स्थान पर



**टलहासी (अमेरिका), 11 जनवरी भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में सीनियर पुरुषों की दौड़ में 40वें स्थान पर रहे.**

अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टलहासी शहर में शनिवार को हुई इस चैंपियनशिप में 30:39 सेकंड समय के साथ 40वें स्थान पर रहे. यह गुलवीर सिंह के करियर में क्रॉस कंट्री रेस में उनका दूसरा सबसे अच्छा समय था, इससे पहले उन्होंने दो साल पहले बेलग्रेड में हुई पिछली वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में 30:07 का समय निकाला था. गुलवीर के साथी भारतीय एथलीट सावन बरवाल 31:37 का समय निकालकर टलहासी 2026 में 60वें स्थान पर रहे. टोक्यो 2020 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 28:18 का समय निकालकर लगातार तीसरा वर्ल्ड क्रॉस कंट्री खिताब जीता. इथियोपिया के बेरिहू अरेगावी 18 सेकंड पीछे रहे और लगातार तीसरी बार किप्लिमो के बाद दूसरे स्थान पर रहे. केन्या के डेनियल एबेन्यो 28:45 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे.

**हाई-वोल्टेज फाइनल** ▶ दानिल व ब्रैंडन ने शानदार सेमीफाइनल जीत के साथ ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई

# मेदवेदेव-नाकाशिमा ब्रिस्बेन फाइनल में आमने-सामने



**ब्रिस्बेन, 11 जनवरी. ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2026 को एक हाई-वोल्टेज फाइनल मिलने जा रहा है, जहां रूस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव और अमेरिका के उभरते सितारे ब्रैंडन नाकाशिमा खिताब के लिए आमने-सामने होंगे.**

शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की और दर्शकों को एक रोमांचक क्लैश का वादा दिया. टॉप सीड दानिल मेदवेदेव ने पहले सेमीफाइनल में युवा अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन को 6-4, 6-2 से हराया. स्कोरलाइन भले ही एकतरफा दिखे, लेकिन मैच उतना आसान नहीं था, जितना आंकड़ों में नजर आता है. मेदवेदेव ने मुकाबले में कुल 27 अनफोर्स्ड एरर किए, जो उनके स्तर के खिलाड़ी के लिए असामान्य माने जाते हैं. इसके बावजूद उन्होंने अहम मौकों पर अपने अनुभव और मानसिक मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया.

दूसरे सेट में मिशेलसेन को चार ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन मेदवेदेव ने एक भी ब्रेक नहीं होने दिया. यही क्षण मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ. रूसी खिलाड़ी ने दबाव में शांत रहते हुए सटीक सर्विस और गहरी रिटर्न से अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे धकेल दिया.

इस जीत के साथ मेदवेदेव अपने करियर के 41वें एटीपी टूर फाइनल में पहुंचे और सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज्यादा फाइनल खेलने के मामले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से आगे निकल गए. इस सूची में उनसे आगे केवल नोवाक जोकोविच हैं, जिन्होंने 144 फाइनल खेले हैं.

मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा, यह बिल्कुल भी आसान मुकाबला नहीं था. स्कोर मैच की असली तस्वीर नहीं दिखाता. लेकिन मैं खुश हूं कि निर्णायक पलों में मैं बेहतर खेल पाया. आखिरकार, मैच जीतने के लिए यही जरूरी होता है.

दूसरी ओर, ब्रैंडन नाकाशिमा ने भी अपने सेमीफाइनल में बेहतरीन खेल दिखाया. उन्होंने अपने करीबी दोस्त और हमवतन अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने करियर का चौथा एटीपी टूर फाइनल खेलने का अधिकार हासिल किया. खास बात यह रही कि नाकाशिमा ने पूरे टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है.मैच के बाद नाकाशिमा ने कहा, एलेक्स और मैं बहुत अच्छे दोस्त हैं. हमने पिछले महीने काफी प्रैक्टिस की है, इसलिए उन्हें इस स्तर पर खेलते देखना अच्छा लगा. मैं आज अपने खेल के स्तर से बहुत खुश हूं और ब्रिस्बेन में आगे खेलने को लेकर काफी उत्साहित हूं.अब फाइनल में नाकाशिमा का सामना ऐसे खिलाड़ी से होगा, जिसके खिलाफ उनका रिकॉर्ड अभी तक अनुकूल नहीं रहा है. एटीपी हेड-टू-हेड में मेदवेदेव उनके खिलाफ 2-0 से आगे हैं. हालांकि, नाकाशिमा की मौजूदा फॉर्म और आत्मविश्वास को देखते हुए यह मुकाबला एकतरफा नहीं माना जा सकता.मेदवेदेव अपनी आक्रामक बेसलाइन रैली, मजबूत डिफेंस और रणनीतिक सोच के लिए जाने जाते हैं, जबकि नाकाशिमा की पहचान उनकी तेज सर्विस, फ्लैट ग्राउंडस्ट्रोक्स और शांत स्वभाव से होती है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र. / पी.डब्लू.डी / 2025-26/20 बुरहानपुर दिनांक : 08/01/2026

**निविदा सूचना 2025-26**

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है । टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_474088_1 | वार्ड क्र. 01 महाजनापेठ में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 11..39 लाख | 2,000/- 8,600/- | 11/02/2026 |
| 2 | 2026_UAD_474089_1 | वार्ड क्र. 02 नेहरू नगर वार्ड में हकीम अरजानी मस्जिद के पास सी.सी. पेवमेंट निर्माण का कार्य। | 2 माह 4.66 लाख | 2,000/- 4,600/- | 27/01/2026 |
| 3 | 2026_UAD_474090_1 | वार्ड क्र. 03 शिकारपुरा वार्ड में चम्पालाल सुर्यवंशी से मनोहर किराना तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 5.61 लाख | 2,000/- 5,700/- | 27/01/2026 |
| 4 | 2026_UAD_474092_1 | वार्ड क्र. 04 सिलमपुरा वार्ड में श्री किशोर परसाले के घर से सुर्लभ शौचालय तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 9.20 लाख | 2,000/- 9,300/- | 27/01/2026 |
| 5 | 2026_UAD_474093_1 | वार्ड क्र. 08 अम्बेडकर वार्ड में इकबाल मसाले वाले के घर से मस्जिद तक सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 3.10 लाख | 2,000/- 3,200/- | 27/01/2026 |
| 6 | 2026_UAD_474095_1 | वार्ड क्र. 09 शाह बाजार वार्ड में रशीद के घर से वसीम के घर तक एवं बौध्द वाडे के क्षेत्र में सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 5.57 लाख | 2,000/- 5,800/- | 27/01/2026 |
| 7 | 2026_UAD_474097_1 | वार्ड क्र. 09 शाह बाजार वार्ड में रमेश देवरे के घर से आरिफ मास्टर के घर तक एवं खान मस्जिद की गली वाले क्षेत्र में सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 6.60 लाख | 2,000/- 7,700/- | 27/01/2026 |
| 8 | 2026_UAD_474099_1 | वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में मालीवाडा / पानवाली गली में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य । (गौरव अग्रवाल के मकान से लेकर गौरव तपकीर के मकान तक ) | 3 माह 13.38 लाख | 2,000/- 10,000/- | 11/02/2026 |
| 9 | 2026_UAD_474102_1 | वार्ड क्र. 13 खैराती बाजार वार्ड में 02 स्थानों पर सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 3 माह 11.52 लाख | 2,000/- 8,700/- | 11/02/2026 |
| 10 | 2026_UAD_474103_1 | ववार्ड क्र. 13 खैराती बाजार वार्ड में 03 स्थानों पर सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 3 माह 7.60 लाख | 2,000/- 7,700/- | 27/01/2026 |
| 11 | 2026_UAD_474105_1 | वार्ड क्र. 14 बैरी मैदान वार्ड में 02 स्थानों पर सडक निर्माण का कार्य। | 2 माह 9.46 लाख | 2,000/- 9,500/- | 27/01/2026 |
| 12 | 2026_UAD_474106_1 | वार्ड क्र. 15 नागझिरी वार्ड में रईस बीडी वाले के घर से इमरान लकडी वाले के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 2 माह 6.56 लाख | 2,000/- 6,600/- | 27/01/2026 |
| 13 | 2026_UAD_474107_1 | वार्ड क्र. 15 नागझिरी वार्ड में 03 स्थानों पर सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य। | 2 माह 8.43 लाख | 2,000/- 8,500/- | 27/01/2026 |
| 14 | 2026_UAD_474108_1 | वार्ड नं 17 आलमगंज वार्ड में आंगनवाडी क्र 05 के सामने श्री जावेद चौधरी के घर से राजा नाई के घर तक नाली एवं सी.सी रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 6.11 लाख | 2,000/- 6,200/- | 27/01/2026 |
| 15 | 2026_UAD_474109_1 | वार्ड नं 17 आलमगंज वार्ड में बाबा अफजल मस्जिद बैग रोड में पानी की टंकी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण का कार्य । | 2 माह 5.67 लाख | 2,000/- 6,800/ | 27/01/2026 |
| 16 | 2026_UAD_474111_1 | वार्ड क्र 17 आलमगंज में 09 स्थानों पर पाईप डालकर नाली निर्माण का कार्य । | 3 माह 12.74 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 17 | 2026_UAD_474113_1 | वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में पार्षद महोदय के पत्रानुसार 05 स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 10.85 लाख | 2,000/- 8,200/ | 11/02/2026 |
| 18 | 2026_UAD_474114_1 | वार्ड क्र. 21 बुधवारा वार्ड में परकोटा मस्जिद के सामने के मैदान का सी. सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 3.71 लाख | 2,000/- 3,800/ | 27/01/2026 |
| 19 | 2026_UAD_474115_1 | वार्ड क्र. 22 मालीवाडा में जावेद के घर से जाकिर के घर से देवराम महाजन के घर से माता मंदिर होते हुए कुंदन पवार के घर तक एवं मनोहर के घर से महेन्द्र महाजन के घर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य । | 3 माह 10.51 लाख | 2,000/- 8,000/ | 11/02/2026 |
| 20 | 2026_UAD_474116_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 22 मालीवाडा में गुलशन के घर के पास सामुदायिक भवन एवं जिम उपकरण का का कार्य। | 3 माह 12.71 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 21 | 2026_UAD_474117_1 | वार्ड क्र. 24 चंद्रकला वार्ड में लोहार मंडी गेट से इकरा स्कूल से डॉ सज्जाद के दवाखाने से लोहार मंडी रोड तक सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 8.87 लाख | 2,000/- 8,900/ | 27/01/2026 |
| 22 | 2026_UAD_474118_1 | वार्ड क्र. 24 चंद्रकला वार्ड में हलिम फैजुल्ला मस्जिद से रावटी से बुरहानउद्दीन औलिया से होते हुए बैतुल तालिम सिंधिपुरा रोड तक सी.सी. पेवमेंट निर्माण कार्य । | 2 माह 8.15 लाख | 2,000/- 8,200/ | 27/01/2026 |
| 23 | 2026_UAD_474119_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 01 महाजनापेठ वार्ड में संतोष शिंदे के घर के पास डोम निर्माण का कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 24 | 2026_UAD_474120_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 03 शिकरपुरा वार्ड में कमलेश बारी के घर से जीतू मोरे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 4.24 लाख | 2,000/- 4,300/ | 27/01/2026 |
| 25 | 2026_UAD_474122_1 | विशेष निधि वार्ड क्र. 03 शिकारपुरा वार्ड में कश्मीरा टेक्सटाइल्स के पास से पी.एच.ई. ग्राउण्ड तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 2 माह 4.23 लाख | 2,000/- 4,300/ | 27/01/2026 |
| 26 | 2026_UAD_474123_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 05 प्रतापपुरा वार्ड में भोईवाडा में सभा मंडप का निर्माण कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 27 | 2026_UAD_474125_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 05 प्रतापपुरा वार्ड में सुदामा नगर में सभा मंडप निर्माण कार्य । | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 28 | 2026_UAD_474126_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 08 अम्बेडकर वार्ड में हाकम शाह दरगाह से मस्जिद तक रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 16.95 लाख | 2,000/- 13,000/ | 11/02/2026 |
| 29 | 2026_UAD_474127_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में मालीवाडा गली में प्राचीन हनुमान मंदिर के पास सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य । | 3 माह 12.71 लाख | 2,000/- 9,600/ | 11/02/2026 |
| 30 | 2026_UAD_474128_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 11 शास्त्री वार्ड में प्राचीन शीतला माता मंदिर के पास सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य । | 3 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 31 | 2026_UAD_474130_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में सचिन नंदे के घर के पास से खेरखानी तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/ | 27/01/2026 |
| 32 | 2026_UAD_474132_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 19 इतवारा गेट से नागझिरी घाट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 6 माह 43.39 लाख | 5,000/- 33,000/ | 11/02/2026 |
| 33 | 2026_UAD_474133_1 | विशेष निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 20 सिधीपुरा पुराने पोस्ट ऑफिस राजू पान वाले के घर तक सडक निर्माण का कार्य । | 2 माह 6.78 लाख | 2,000/- 6,800/ | 27/01/2026 |
| 34 | 2026_UAD_474134_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत डॉ अम्बेडकर वार्ड क्र. 08 पासी मोहल्ले में परकोट गेट से नदी ओर जाने वाले मार्ग पर सी. सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 11.87 लाख | 2,000/- 9,000/ | 11/02/2026 |
| 35 | 2026_UAD_474135_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में डोले मिया मस्जिद से सिंगाजी मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 5.93 लाख | 2,000/- 6,000/ | 27/01/2026 |
| 36 | 2026_UAD_474136_1 | कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत वार्ड क्र. 18 सरदार पटेल वार्ड में दुर्गा सायकल वाले के घर से खैरखानी गेट तक सी.सी. रोड निर्माण का कार्य । | 3 माह 16.81 लाख | 2,000/- 13,000/ | 11/02/2026 |
| 37 | 2026_UAD_474137_1 | वार्ड क्र. 01 से 12 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 38 | 2026_UAD_474138_1 | वार्ड क्र. 13 से 24 में विभिन्न स्थानों पर बी. टी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 39 | 2026_UAD_474141_1 | वार्ड क्र. 01 से 12 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |
| 40 | 2026_UAD_474142_1 | वार्ड क्र. 13 से 24 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/ | 11/02/2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा ।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर